सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 297 इंदौर, गुरुवार 14 मई, 2026 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# यूपी में आंधी-तूफान से 96 की मौत

## भदोही में 18 और प्रयागराज में 17 लोगों की गई जान

**लखनऊ, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी-पानी की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों में 96 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौत हुई है।**



ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान और टीन शेड उड़ गए, वहीं, फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश और धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मरने वालों में भदोही में 18, मिर्जापुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6, सीतापुर, रायबरेली, चंदौली, कानपुर देहात, हरदोई और संभल में दो-दो, कौशांबी, शाहजहांपुर, सोनभद्र और लखीमपुरखीरी में एक-एक लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी और बिजली गिरने से हुए नुकसान पर पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम 24 घंटे के अंदर पूरा किया जाए। सीएम ने मृतकों के शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। उन्होंने सभी जिलों के जिलाधिकारियों समेत अन्य विभागों के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### ● 45.4 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा रहा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म

प्रदेश में एक ओर जहां आंधी बारिश से नुकसान के अलावा गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं बुंदेलखंड समेत दक्षिणी जिलों में तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। बांदा 45.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा झांसी में 44.5, प्रयागराज में 43.5, हमीरपुर में 43.2 और उरई में 41 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बृहस्पतिवार से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।

### ● लाड़ली बहनों के खातों में पहुंचे 1835 करोड़

## नरसिंहपुर में बोले सीएम मोहन- कहीं किसी की नजर न लग जाए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नरसिंहपुर, एजेंसी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किस्त जारी की। उन्होंने सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 महिलाओं के बैंक खातों में 1835 करोड़ 67 लाख रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की।



### बच्चे को गोद में उठाया, लाठी घुमाई

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 296 करोड़ रुपये की लागत वाले 40 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। इनमें पुल निर्माण, अस्पताल, सड़क और सिंचाई से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बच्चियों पर पुष्प वर्षा की, एक बच्चे को गोद में लेकर लाठी भी घुमाई और गौ-पूजन कर विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

### माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उनकी सरकार माताओं-बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया, जबकि भाजपा सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है।

### मुंगवानी में नया कॉलेज खोलने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने नरसिंहपुर के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि मुंगवानी में नया महाविद्यालय खोला जाएगा, शेर नदी पर 24 करोड़ रुपये की लागत से पुल बनेगा और नरसिंहपुर स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रो टर्फ बिछाई जाएगी।

### जलसंकट के चलते नगर निगम सख्त

# गार्डन-सर्विस सेंटर पर ट्रीटेड वॉटर जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बढ़ती गर्मी और जल संकट को देखते हुए नगर निगम ने सख्त कदम उठाए हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने शहर में जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों, ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटरों और गार्डनों में ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।**

नगर निगम ने सभी बिल्डिंग ऑफिसर, बिल्डिंग इंस्पेक्टर और जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित हाइड्रेंट के जरिए ट्रीटेड पानी का पुनः उपयोग कराएं। साथ ही निजी व्यक्ति और संस्थाएं भी संबंधित जोनल कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रीटेड पानी ले सकेंगी और उसका उपयोग निर्माण कार्य, सर्विस सेंटर और गार्डन में कर सकेंगी। नगर निगम के अनुसार शहर में विभिन्न स्थानों पर 35 ट्रीटेड वॉटर हाइड्रेंट स्थापित किए गए हैं। सिरपुर एसटीपी के रीयूज



नेटवर्क के तहत पश्चिम क्षेत्र के जोन 14, 15, 16 और 21 में आई माता मंदिर, अहिल्या उद्यान, स्कीम नंबर-71, दस्तूर गार्डन रोड, गुमाश्ता नगर शासकीय क्वार्टर, विश्राम बाग सर्विस रोड और उषा नगर गार्डन सहित कई स्थानों पर हाइड्रेंट शुरू कर दिए गए हैं। इन हाइड्रेंट से उद्यान विभाग के टैंकर और जेटिंग मशीनें पानी भर सकेंगी। ट्रीटेड पानी लेने का समय सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। नगर निगम ने सार्वजनिक सूचना जारी कर स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्यों और सर्विस सेंटरों में नर्मदा या बोरिंग के पानी का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि यदि कोई निर्माण कार्य या ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर में बोरिंग या नर्मदा का पानी उपयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि ट्रीटेड पानी के उपयोग से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को कम करने में भी मदद मिलेगी।

लोगों से कहा- नो कार डे मनाएं...

# मेयर सप्ताह में एक दिन बस, रिक्शा में घूमेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईंधन बचाने की अपील का असर इंदौर में भी नजर आएगा। शहर में फिर से नो कार डे मनाने की तैयारी नगर निगम द्वारा की जा रही है, जबकि महापौर ने सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का निर्णय लिया है।**

इसके अलावा इंदौर विकास प्राधिकरण भी ईवी वाहनों को बढ़ावा दे रहा है। महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौजूदा हालातों को लेकर देश की जनता से ईंधन बचाने, ईवी वाहन और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की अपील की है। इंदौर में लगातार तीन वर्षों से हर साल एक दिन नो कार डे मनाया जाता है। इस दिन लोग कार के बजाय अन्य साधनों का उपयोग





कर अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। अब प्रधानमंत्री की अपील के बाद शहर की जनता से भी अनुरोध किया गया है कि वे सप्ताह में एक दिन नो कार डे का पालन करें और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। आपको बता दें कि इंदौर में एआईसीटीएसएल 50 से अधिक ईवी बसों का संचालन कर रहा है। इसके अलावा घर-घर कचरा एकत्र करने वाले वाहनों को भी बदला जा रहा है। पहले इसके लिए डीजल वाहनों का उपयोग किया जाता था, लेकिन अब विद्युत वाहन गलियों में कचरा एकत्र कर रहे हैं। नगर निगम ने 300 से अधिक विद्युत वाहन खरीदे हैं। इंदौर विकास प्राधिकरण ने भी अधिकारियों के लिए डीजल कारों के बजाय विद्युत वाहनों को खरीदना और किराए पर लेना शुरू कर दिया है। पुरानी कारों को हटाकर विद्युत वाहनों को अपनाया जा रहा है।

## समय की कद्र करे, रोजाना कुछ नया सीखे और जीवन को बेहतर बनाए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। हम अन्न का कण -कण और समय का क्षण - क्षण बचाकर जीवन को सार्थक बना सकते है। लाखों - करोडो खर्च करके भी हम गुजरे हुए पल को वापिस नहीं ला सकते है। इसीलिए समय को बलवान कहा गया है। जिसने समय को समझ लिया वह तर गया और जिसने समय की कीमत नहीं समझी वह बर्बाद हो गया। समय मूल्यवान ही नहीं अनमोल है, उसकी कद्र करके ही हम आगे बढ़ सकते है। यह बात वरिष्ठ पत्रकार एवं समीक्षक प्रवीण जोशी की है, जो उन्होंने रंगरूटस थियेटर वर्कशॉप में मुख्य वक्ता बतोर कही। वे बच्चों को समय प्रबन्धन विषय पर अपना संबोधन दे रहे थे। इस मौके पर रंगकर्मी वरुण जोशी, फ़ैजान खान, और कायल विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रवीण जोशी ने आगे कहा कि बचपन में सीखी गई बाते ताउम्र याद रहती है। बचपन को जीवन की फुलवारी कहा गया है। यह ऐसी अवस्था है जिसमे निर्भीकता अधिक और कोई जिम्मेदारी नहीं होती है। अतः हर बच्चा अपना जीवन खुलकर जिए।

## जैन मंदिर चोरी के मामले में 4 गिरफ्तार

### वारदात का सीसीटीवी आया था सामने, आधा माल बरामद किया, 6 आरोपियों की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में 3 मई को हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि छह अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जांच में एक महिला की भूमिका भी सामने आई है, जो चोरी के माल को ठिकाने लगाने का काम करती थी।**

एडीशनल डीसीपी सुमित केरकट्टा के मुताबिक पुलिस ने मामले में ललित नामक आरोपी को हिरासत में लिया था। पूछताछ में उसने खुलासा किया



कि चोरी की वारदात ओमप्रकाश की बाइक का इस्तेमाल कर अंजाम दी गई थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया सामान बरामद किया, जिसमें दो चांदी की मूर्तियां, छह चांदी के कलश और अन्य धार्मिक सामग्री शामिल है। बरामद सामान की कीमत करीब चार लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला आरोपी गीता बाई भी गिरोह के साथ शामिल थी और चोरी के माल को ठिकाने लगाने में मदद करती थी। फिलहाल पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि लखन, गोलू, बलराम सहित छह अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार अब तक करीब 50 प्रतिशत चोरी का सामान बरामद किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया है कि क्षेत्र के कुछ अन्य लोग आरोपियों को चोरी की वारदातों में सहयोग कर रहे थे। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस को जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है।

## शनि जयंती पर शनिश्चरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सूर्यपुत्र शनिदेव की जयंती भगवान शनि के प्रिय दिन शनिवार को 16 मई के दिन रेवती नक्षत्र के संयोग में मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिरों में आज से उत्सवी उल्लास छाएगा, जहाँ यज्ञ-अनुष्ठानों के साथ कई आयोजन होंगे। दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारें लगेंगी और तेल-तिल के साथ पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किया जाएगा। ज्योतिर्विद् विनायक चतुर्वेदी ने बताया कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि 16 मई को सुबह 5.11 बजे से शुरू होगी। उदयातिथि में अमावस्या होने से इसी दिन एक मत से शनि जयंती मनाई जाएगी। अमावस्या तिथि शनिवार को आने से शनिश्चरी अमावस्या का संयोग भी बन रहा है। इसके चलते स्नान-दान और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा-शिप्रा नदी जाएंगे। जूनी इंदौर स्थित प्राचीन शनि मंदिर में 85 वर्ष से चली आ रही परंपरानुसार नमक-चमक से महारुद्राभिषेक होगा। यहाँ अभिषेक सुबह 5.30 बजे, मंगला आरती 8 बजे और जन्म आरती दोपहर 12 बजे की जाएगी। उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम में महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के सान्निध्य में सुबह 5 बजे विभिन्न तेलों और पवित्र नदियों के जल से अभिषेक होगा। यहाँ सुबह 8 से 12 बजे तक पूंचकुण्डी यज्ञ और शाम 6 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

## महिलाओं ने निकाली कार रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। 'मदर इंडिया शक्ति ऑन व्हील्स' के बैनर तले आयोजित महिलाओं के लिए कार रैली में बड़ी संख्या में दाऊदी बोहरा समाज की महिलाओं ने भी भाग लिया। यह जानकारी देते हुए मुनीरा बड़वानी वाला ने बताया कि कार रैली नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर फिनिक्स सिटाडेल मॉल तक पहुंची यहां पर रैली का समापन हुआ।

रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। मदर्स डे के उपलक्ष्य में महिलाओं के सम्मान और उनकी शक्ति का जश्न मनाना प्रमुख उद्देश्य था। प्रतिभागी महिलाओं का एक साथ सड़कों पर सजी-धजी कार की रैली निकालना न केवल उनके




'व्हील्स' पर नियंत्रण को दर्शाता है, बल्कि समाज में उनके बढ़ते आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी प्रतीक है। रैली में प्रमुख प्रतिभागी मुनिरा बड़वानी वाला, तस्नीम मुरब्बी, रशीदा महु वाला, मारिया मटका वाला, रानी मनाकीब वाला, तस्नीम बेलगाम वाला और तस्नीम खोखा वाला थी। कार रैली का यह आयोजन महिलाओं के लिए अद्भुत व हर्ष का विषय रहा।

## व्यापारी पर नकाबपोश बदमाशों का हमला

### पहले रॉड से पीटा फिर पैर में घोंपा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जेल रोड स्थित चाइना टाउन मार्केट में बुधवार सुबह एक व्यापारी पर नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले लोहे की रॉड से हमला किया और फिर पैर में चाकू मारकर मौके से फरार हो गए।**

घायल व्यापारी को आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। एमजी रोड थाना पुलिस के मुताबिक घायल व्यापारी आनंद पुत्र रामचंद्र विशपुते निवासी स्कीम-114 हैं। उन्हें उनके परिचित इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आनंद के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल के



साथी अजय ने बताया कि आनंद का पंखे और एयर कंडीशन का कारोबार है। चाइना टाउन मार्केट में उनका ऑफिस है। बुधवार सुबह वह ऑफिस पहुंचे थे और मोबाइल चला रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि एक बदमाश ने पीछे से लोहे की रॉड से हमला किया। आनंद बचने के लिए खड़े हुए तो उनके कंधे और सिर पर चोट लगी। इसके बाद दूसरे बदमाश ने उनके पैर पर चाकू से वार कर दिया। आनंद के शोर मचाने पर दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस को इलाके के सीसीटीवी कैमरों में दोनों बदमाश बाइक से आते-जाते दिखाई दिए हैं। एमजी रोड थाना पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

पत्नी की डांट से बचने रची लूट की कहानी

# शराब के नशे में कुएं में खुद गिरा, बोला-लुटेरों ने गिराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सिमरोल थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात कथित लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। कुक संजय यादव ने तीन बदमाशों द्वारा हमला कर कुएं में फेंकने और बाइक-मोबाइल लूटने की जो कहानी पुलिस को बताई थी, वह पूरी तरह झूठी निकली। दरअसल, उसने पत्नी के डर से कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने कुएं से उसकी बाइक और मोबाइल बरामद कर लिए हैं।**

डीएसपी उमाकांत चौधरी के मुताबिक संजय यादव ने पुलिस को बताया था कि प्याज गोदाम के पास एक युवक ने हाथ देकर उसे रोकने की कोशिश की। शक होने पर उसने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। कुछ दूरी आगे बढ़ते ही दो अन्य बदमाश दौड़ते हुए आए और लाठी से हमला कर दिया। हमले में वह खेत में जा गिरा। इसके बाद बदमाशों ने उसके सिर पर डंडों से वार किए, मोबाइल और बाइक (MP09-DK-9714) लूट ली और उसे पास के कुएं में फेंककर फरार हो गए।



संजय ने दावा किया था कि कुआं करीब 30 फीट गहरा था और उसमें करीब 5 फीट पानी भरा था। गिरने से उसकी टांग में फ्रैक्चर हो गया, जिसके कारण वह करीब 6 घंटे तक कुएं में पड़ा रहा। सुबह लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। हालांकि शुरुआत से ही पुलिस को उसकी कहानी पर संदेह था। पुलिस ने जब उसके आने-जाने के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वह घटना वाली रात एक शराब दुकान पर शराब खरीदते हुए दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस घर पहुंची और दोबारा पूछताछ की तो उसने सच कबूल लिया। संजय ने बताया कि उसने ज्यादा शराब पी रखी थी। तेज रफ्तार में बाइक चलाते समय वह खुद ही कुएं में गिर गया था। सुबह होश आने पर उसने पत्नी और परिवार की डांट से बचने के लिए लूट की झूठी कहानी बना दी। पुलिस ने उसकी बाइक और मोबाइल कुएं से बरामद कर लिए हैं।

## पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या महिला ने घर में लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोगों की मौत के मामलों से सनसनी फैल गई। तुकोगंज में एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर जान दे दी, जबकि आजाद नगर में महिला ने फांसी लगा ली। वहीं हीरानगर इलाके में एक टैंकर ड्राइवर संदिग्ध हालत में मृत मिला। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

तुकोगंज थाना पुलिस के मुताबिक लाला का बगीचा निवासी रामकिशन (50) पुत्र हरिशंकर गणावत सोमवार रात गंभीर रूप से झुलसी हालत में एमवाय अस्पताल लाए गए थे। मंगलवार देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि रामकिशन ने पहले अपने तीनों बच्चों को खाना खिलाया और पत्नी से नहाने की बात कहकर नीचे के कमरे में चले गए। कुछ देर बाद उन्होंने खुद को आग लगा ली। बताया जा रहा है कि काम पर नहीं जाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। रामकिशन पेशे से पेंटर थे, लेकिन काफी समय से काम नहीं कर रहे थे। उनकी पत्नी कपड़े की दुकान पर नौकरी करती थी और परिवार की जिम्मेदारी को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी।

आजाद नगर क्षेत्र के मूसाखेड़ी में रहने वाली कृष्णाबाई (30) पत्नी छोटू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह किराए के मकान में रहती थी। परिचित पंकज के मुताबिक कृष्णाबाई और उसका पति छोटू डेली कॉलेज में सफाई और अन्य काम करते थे। दोनों करीब छह महीने पहले ही यहां रहने आए थे। छोटू तीन दिन पहले अपने गांव गया हुआ था। मंगलवार रात आसपास के लोगों ने कृष्णाबाई को फंदे पर लटका देखा। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। महिला के दो बच्चे हैं, जो गांव में रहते हैं। हीरानगर थाना क्षेत्र के काशीपुरी निवासी अशोक पुत्र नवल रघुवंशी मंगलवार को अपने घर में मृत मिले। वह पार्षद चिंटू चौकसे का टैंकर चलाते थे। प्राथमिक जानकारी में सामने आया है कि अशोक शराब पीने के आदी थे। हालांकि पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए पोस्टमार्टम कराया है। परिवार में पत्नी और एक बेटा है, जो निरंजनपुर में अलग रहते थे। बताया जा रहा है कि शराब पीने की बात को लेकर परिवार में विवाद होता था।

## पार्षद पुत्र ने की दफ्तर में घुसकर निगमकर्मी के साथ मारपीट, कर्मचारियो ने किया काम बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजय नगर क्षेत्र की पानी की टंकी पर तैनात कर्मचारी को पार्षद पुत्र और उसके साथियों ने पीट दिया। इस घटना से आहत अन्य कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। इस कारण आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो गई। यह घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हो गया, हालांकि इस घटनाक्रम का मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा। पिटाई करने वाले अमित सोनी के पिता, पार्षद बालमुकुंद सोनी का कहना है कि कर्मचारी टंकी पर वाल्वमेन का काम करता है और वह शराब के नशे में थे और मेरे बेटे पर पानी चोरी करने का आरोप लगा रहा था। विजय नगर क्षेत्र की 114 पानी की टंकी पर



कर्मचारी अभिषेक तैनात है। रात को दफ्तर में अमित सोनी और उसके साथी घुसे और कहासुनी के बाद उन्होंने अभिषेक को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद वे वहीं नहीं रुके और कर्मचारी पर थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिया। उसके साथ झूमाझटकी भी की। बाद में दूसरे कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर अभिषेक को छुड़वाया। बुधवार सुबह जब मारपीट की घटना दूसरे कर्मचारियों को पता चली तो उन्होंने घटना के विरोध में काम नहीं किया। ये कर्मचारी वाल्व ऑपरेट करने और जलापूर्ति से जुड़े काम देखते हैं। काम बंद करने के कारण जब नल नहीं आए तो शिकायत नगर निगम कंट्रोल रूम तक पहुंची। इसके बाद अफसरों ने मामले की जानकारी जुटाई। इस घटना के विरोध में कुछ कर्मचारी लसुडिया थाने भी गए थे, लेकिन उनकी शिकायत दर्ज नहीं हुई। इस घटना को लेकर पार्षद बालमुकुंद सोनी ने कहा कि कर्मचारी अभिषेक को लेकर पहले भी कई बार शिकायत आ चुकी है। वह नशा करता है। नशे के दौरान ही उसने मेरे बेटे को बुरा-भला कहना शुरू कर दिया था। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ था।

## ससुराल विवाद के बाद तनाव में था युवक, जहर खाकर जान दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खाद्य और उर्वरक कंपनी में काम करने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इलाज के दौरान बुधवार अलसुबह उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ससुराल पक्ष से विवाद के बाद पिता उससे नाराज चल रहे थे और बात नहीं कर रहे थे।**

भंवरकुआ थाना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान विशाल (35) पुत्र अर्जुन गेहलोत निवासी एकता नगर के रूप में हुई है। जहर खाने के बाद उसे पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर एमवाय अस्पताल रेफर किया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि विशाल की पत्नी राजस्थान के भवानी मंडी स्थित मायके में है। करीब पांच दिन पहले उसके यहां बेटे का जन्म हुआ था। डिलीवरी को लेकर लगभग 15 दिन पहले विशाल की ससुराल पक्ष से कहासुनी हो गई थी। विवाद के दौरान विशाल ने अपशब्द कह दिए थे, जिससे उसके पिता



अर्जुन गेहलोत नाराज हो गए थे। बताया जा रहा है कि विशाल पिछले 15 दिनों से पिता से संपर्क करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वे उसका फोन रिसीव नहीं कर रहे थे। विशाल ने उन्हें मैसेज भी किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। इससे परेशान होकर उसने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। दोस्तों ने घटना की जानकारी विशाल के पिता को दी थी, लेकिन पहले उन्होंने इंदौर आने से इनकार कर दिया। बाद में वे इंदौर पहुंचे। परिवार में विशाल का एक बड़ा भाई भी है, जो नागदा में रहता है। उसके पिता मकान ठेकेदारी का काम करते हैं। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## डॉक्टर ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक डॉक्टर ने मंगलवार को पारिवारिक विवाद के मामले में टीआई समेत हीरानगर थाने के पुलिसकर्मियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। वहीं, टीआई सुशील पटेल का कहना है कि डॉक्टर, उसके इंजीनियर भाई और माता-पिता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई से बचने के लिए डॉक्टर झूठे आरोप लगा रहा है। दरअसल, डॉक्टर के छोटे भाई की पत्नी, मेघदूत नगर निवासी ने दहेज प्रताड़ना की शिकायत की थी। महिला ने अपने पति अमन पर आरोप लगाया है कि उसका पति नोएडा में एक युवक के साथ रहता है। वह मुझसे तलाक लेने की बात कर रहा है। इसी मामले में पुलिस ने उसके इंजीनियर पति, डॉक्टर जेठ अभिषेक और माता-पिता को थाने बुलाने के लिए कॉल किया था। इस बीच, पति के परिजन सोमवार को महिला के घर पहुंच गए और वहां हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तो महिला का जेठ सोमवार को थाने पहुंच गया। थाने में तबीयत बिगड़ने की बात कही। इसके बाद पुलिस उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन जांच के बाद वह वहां से चला गया। बाद में उसने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं।

## कुत्ते को पीटने से रोका तो युवक पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र में डॉग फीडिंग कर रहे एक वॉलंटियर के साथ आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट कर दी। युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने एक व्यक्ति को कुत्ते को पीटने से रोक दिया था। घटना के बाद नाराज पशु प्रेमियों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। इसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई। पीड़ित अमन तोमर की शिकायत पर द्वारकापुरी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। अमन लंबे समय से इलाके में बेसहारा कुत्तों को खाना खिलाने का काम करते हैं। बताया गया है कि उन्होंने एक व्यक्ति को कुत्ते के साथ मारपीट करते देखा और उसे रोकने की कोशिश की। इसी बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कुछ ही देर में आधा दर्जन से अधिक लोग मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर अमन के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना के बाद अमन को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। उनके साथियों का आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और केवल एनसीआर दर्ज कर उन्हें थाने से रवाना कर दिया। इसके बाद पीपुल्स फॉर एनिमल्स की इंदौर इकाई की अध्यक्ष प्रियांशु जैन, अमन तोमर, कार्तिक तंवर और सचिन मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को पूरे मामले की शिकायत करते हुए सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई।

## ●ग्लोबल सिनेमा के पर्दे पर चमकता मध्यप्रदेश, 80 से अधिक देशों में दिखेगी प्रदेश की संस्कृति और विरासत

# मुख्यमंत्री के विजन और एमओयू से वैश्विक फिल्म पर्यटन को नई उड़ान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।**

**भोपाल**। मध्यप्रदेश के ग्रामीण पर्यटन और समृद्ध सांस्कृतिक वैभव को अब वैश्विक मंच पर एक नई और विशिष्ट पहचान मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी विजन और नेतृत्व में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश तेजी से एक 'ग्लोबल फिल्मिंग हब' के रूप में स्थापित हो रहा है। इसी कड़ी में स्पेन के प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस 'कलर्स कम्युनिकेशन ग्रुप' द्वारा निर्मित अंतर्राष्ट्रीय टेलीविजन सीरीज़ 'रूरल टूरिज्म ऑफ द वर्ल्ड' की शूटिंग प्रदेश के विभिन्न पर्यटन अंचलों में हुई। इस गौरवशाली पहल से मध्यप्रदेश की अनूठी जीवन शैली और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन दुनिया के 80 से अधिक देशों में किया जाएगा, जिससे राज्य की पर्यटन संभावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई उड़ान मिलेगी।

### मध्यप्रदेश बनेगा ग्लोबल फिल्मिंग हब

इस वैश्विक पहल से न केवल मध्यप्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग सुदृढ़ होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, होमस्टे और हस्तशिल्प जैसी गतिविधियों को भी भारी प्रोत्साहन मिलेगा। कलेक्टर छिंदवाड़ा हरेंद्र नारायन एवं जिला प्रशासन के समन्वय से संपन्न हुई यह शूटिंग राज्य को विश्व सिनेमा के मानचित्र पर एक जीवंत और सांस्कृतिक कैनवास के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले समय में ऐसे अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स से मध्यप्रदेश का पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा।

**सावरवानी, धूसावानी, चिमटीपुर और तामिया की जनजातीय परंपरा का हुआ फिल्मांकन-** अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के तहत छिंदवाड़ा जिले की नैसर्गिक सुंदरता और यहां की जीवंत जनजातीय संस्कृति ने स्पेनिश फिल्म क्रू को गहराई से प्रभावित किया है। टीम ने जिले के सावरवानी, धूसावानी, चिमटीपुर और तामिया क्षेत्र में प्रवास कर ग्रामीण जीवन, स्थानीय परंपराओं और पातालकोट की विशिष्ट जीवन शैली को कैमरे में कैद किया। विशेष रूप से पातालकोट में संपन्न जनजातीय विवाह की पारंपरिक रस्मों और प्राकृतिक सौंदर्य का फिल्मांकन किया गया है। स्पेनिश डायरेक्टर जुआन फ्रूटोस ने धूसावानी होमस्टे में मिले आत्मीय आतिथ्य की सराहना करते हुए कहा कि यदि कोई वास्तविक भारत की जड़ों को जानना चाहता है, तो उसे मध्यप्रदेश के इन गांवों का अनुभव अवश्य लेना चाहिए।

**स्पेन में हुए एमओयू के मिल रहे सुखद परिणाम-** यह महत्वपूर्ण उपलब्धि इसी वर्ष जनवरी-2026 में स्पेन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले 'FITUR मैड्रिड 2026' के दौरान हुए रणनीतिक समझौतों और एमओयू (MoU) का सुखद परिणाम है। पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. और अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर के मार्गदर्शन में प्रदेश को एक 'फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन' के रूप में वैश्विक पटल पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस सीरीज़ में न केवल ग्रामीण संस्कृति, बल्कि सांची स्तूप, भीमबेटका की गुफाएं, सतपुड़ा नेशनल पार्क और उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग जैसी ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों को भी शामिल किया गया है, जो प्रदेश के बहुआयामी पर्यटन वैभव को दुनिया के सामने प्रदर्शित करेंगी।





# सिंहस्थ कार्यों के निरीक्षण के लिए ट्रैवलर बस से पहुंचे अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद उज्जैन जिला प्रशासन ने भी पेट्रोल-डीजल बचाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। बुधवार से सिंहस्थ कार्यों के निरीक्षण के लिए अधिकारी अलग-अलग वाहनों की बजाय एक ही गाड़ी में सफर कर रहे हैं।

बुधवार सुबह संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, तहसीलदार आलोक चोरे, जल संसाधन विभाग के ईई मयंक सिंह, योगेश बिरला, अवनेंद्र सिंह, ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार सहित 15 अधिकारी एक साथ अर्बेनिया वाहन में बैठकर सिंहस्थ मेले के लिए बनाए जा रहे 29 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। सिंहस्थ के कार्यों का पिछले एक सप्ताह से अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। रोज कमिश्नर, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी अलग-अलग 15 वाहनों से पहुंचते थे। वे करीब 16 किमी का सफर करते हैं।

15 अधिकारी रोज सिंहस्थ क्षेत्र के 16 किमी का सफर तय करते हैं। उससे पहले अपने बंगले से घाट तक पहुंचते हैं, यह भी पांच से सात किमी होता है। ज्यादातर इनोवा कार हैं, जिनका एवरेज 10 किमी प्रति लीटर होता है। वहीं जब अधिकारी निरीक्षण करते हैं, वाहनों के एसी चालू रहते हैं। इस हिसाब से देखें तो प्रत्येक वाहन पर चार लीटर पेट्रोल या डीजल खर्च होता है। 450 रुपए प्रति कार के हिसाब से मानें तो 6750 रुपए प्रतिदिन खर्च होते थे। अधिकारियों ने बुधवार से ट्रैवलर बस से सफर शुरू किया है। इस बस में पहले दिन वे 12 किमी गए। जिसमें ढाई लीटर डीजल खर्च हुआ, जो करीब 250 रुपए से भी कम का होता है। हालांकि ट्रैवलर बस 4100 रुपए प्रतिदिन के किराए पर ली गई है।

# सिर्फ सात गाड़ियों के काफिले में निकले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल-डीजल का संयमित उपयोग करने की अपील के बाद एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव ने अपने काफिले में से 6 वाहन कम कर दिए हैं। सीएम के कारकेड में अब तक 13 वाहन चलते थे अब 7 वाहन ही साथ रहेंगे। भोपाल से नरसिंहपुर रवाना होते वक्त सीएम डॉ. मोहन यादव के काफिले में आज सिर्फ सात वाहन ही नजर आए। सीएम के बाद अब डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने अपने काफिले में कम से कम गाड़ियां चलाने का ऐलान किया है। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने सोशल मीडिया पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रहित में ईंधन संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भी पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ योगदान देगा।

# रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं विश्वास का प्रतीक बनी जीआरपी- जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश रेलवे पुलिस द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा, संपत्ति संरक्षण एवं जनविश्वास कायम रखने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जीआरपी जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर द्वारा चोरी एवं जेवरात संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। वहीं इंदौर जीआरपी ने ईमानदारी एवं तत्परता का परिचय देते हुए यात्री का जेवरों से भरा बैग सुरक्षित लौटाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**जीआरपी जबलपुर-** थाना जबलपुर द्वारा रनिंग ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, चेन, बाली, लॉकेट एवं चांदी की पायल सहित लगभग 2 लाख 85 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। एक अन्य कार्यवाही में जबलपुर की टीम द्वारा एक महिला चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आभूषण जप्त किये गये। महिला आरोपी द्वारा यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता था। कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से 8 हजार 750 रूपए मूल्य के आभूषण जब्त किये गये।

**जीआरपी ग्वालियर-** जीआरपी ग्वालियर द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जेवरात एवं नगदी चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा अलग-अलग ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। लगातार निगरानी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लगभग 7 लाख 30 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है।

**जीआरपी इंदौर-** जीआरपी इंदौर ने रेलवे स्टेशन इंदौर से ट्रॉली बैग चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 2 लाख 82 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। इसके अतिरिक्त जीआरपी इंदौर ने ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटे लगभग 8 लाख 50 हजार रूपए मूल्य के जेवरों से भरे बैग को कुछ ही घंटों में सुरक्षित खोजकर संबंधित यात्री के सुपुर्द किया। जीआरपी की इस सराहनीय कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई है। यह कार्रवाई रेल पुलिस की जनसेवा, जिम्मेदारी एवं मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## हाई कोर्ट ने कहा-

# गृहिणी 'अकुशल मजदूर' नहीं, पूरे घर की प्रबंधक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** मप्र हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक फैसले में कहा है कि गृहिणी के काम को अकुशल मजदूर की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। अदालत ने टिप्पणी की कि एक गृहिणी पूरे घर का संचालन करती है, उसकी सेवाओं का आर्थिक मूल्य होता है और उसे घर की प्रबंधक के रूप में देखा जाना चाहिए। इसी आधार पर हाई कोर्ट ने मोटर दुर्घटना में मृत महिला के स्वजन को दिए गए मुआवजे में बड़ी बढ़ोतरी करते हुए 7.22 लाख रुपये अतिरिक्त देने के आदेश दिए हैं। मामला दतिया जिले के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण से जुड़ा है। प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने वर्ष 2022 में रानी नामक महिला की सड़क हादसे में मृत्यु पर स्वजन को 8.14 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। मृतका के स्वजन ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील दायर की। उनका कहना था कि ट्रिब्यूनल ने मृतका की आय बहुत कम आंकी और उसे अकुशल श्रमिक मान लिया।

# मजदूरों से भरा ऑटो पलटा, बालिका मृत

**रतलाम, एजेंसी**। जिले के सैलाना क्षेत्र स्थित सकरावदा में बुधवार सुबह 7:30 बजे एक ओवरलोड ऑटो पलटने से 15 वर्षीय बालिका की दबकर मौत हो गई। हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ऑटो में क्षमता से अधिक करीब 25 से 30 मजदूर सवार थे। तेज गति और ओवरलोड होने के कारण मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, ऑटो रिक्शा (MP 43 K 2267) बुधवार सुबह ग्राम फूफीरुंडी से मजदूरों को लेकर सकरावदा होते हुए सैलाना जा रहा था।

# संपादकीय

## होर्मुज की घेराबंदी और चाबहार की चुनौतियां

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ब्रिक्स देशों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे हुए हैं। ईरान के अधिकारियों ने बताया कि तेहरान भारत की चेयरमैनशिप में होने वाली इस बैठक को सफल बनाने के लिए एक संयुक्त घोषणापत्र चाहता था। लेकिन 'पड़ोसी देश' इस दस्तावेज में ईरान की निंदा करने पर जोर देकर आम सहमति बनने में बाधा डाल रहे हैं। पड़ोसी मुल्क से आशय अरब देशों से है। संयुक्त अरब अमीरात (UAE) सहित अन्य अरब देश उनकी धरती पर बने अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने के लिए ईरान की निंदा करना चाहते हैं। लेकिन ईरान का कहना है कि भारत उसका अजीज दोस्त है, लेकिन अरब देश इसमें बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल, ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने यह भी कहा कि तेहरान भारत जैसे मित्र देशों के साथ मिलकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से और अधिक जहाजों के सुरक्षित गुजरने की सुविधा देने पर काम कर रहा है। हालांकि, उन्होंने सभी जहाजों की बिना किसी रुकावट के आवाजाही की संभावना से इनकार कर दिया, और इस नाकेबंदी के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। बकौल उप विदेश मंत्री ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही के लिए एक नई व्यवस्था पर काम कर रहा है। उनका मानना था कि अगर जहाज भुगतान करने को तैयार हों, तो ज्यादा जहाजों के सुरक्षित गुजरने की सुविधा दी जा सकती है। बहरहाल, भारत सरकार के सूत्रों ने इस बात से इनकार किया कि ईरान ने जहाजों से शुल्क लेने की मांग की है, और साथ ही यह भी कहा कि किसी भी सूरत में भुगतान करने का तो सवाल ही नहीं उठता। गरीबाबादी ने तेहरान के इस रुख को दोहराया कि उसने खाड़ी देशों में मौजूद सिर्फ उन अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया था, जहां से ईरान पर हमला किया गया था। इस अधिकारी ने, जिन्होंने UAE का नाम नहीं लिया, बातचीत में भारत की "निष्पक्षता" की तारीफ की और कहा कि ईरान भारत जैसी बड़ी ताकतों की तरफ से की जाने वाली शांति की पहलों का स्वागत करेगा। गौरतलब है कि पिछले महीने भारत द्वारा आयोजित पश्चिम एशिया पर अधिकारियों की ब्रिक्स बैठक बिना किसी संयुक्त बयान के समाप्त हो गई थी, और ऐसा लगता है कि विदेश मंत्रियों की बैठक का भी यही हश्र होने वाला है। सरकारी सूत्रों ने इसका कारण उन सदस्य देशों के बीच गहरे मतभेदों को बताया है जो इस संघर्ष में शामिल हैं। भारत ने इस बात से इनकार किया है कि इस मतभेद का इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर उसके रुख से कोई लेना-देना है। ब्रिक्स बैठक में UAE के उप विदेश मंत्री शामिल हो सकते हैं। तेल और रसोई गैस की सप्लाई में रुकावटों के सवाल पर गरीबाबादी ने कहा कि ईरान ने भारत जैसे मित्र देशों के प्रति एक अलग नजरिया अपनाया है। कहा, 'हमारे आपसी संबंधों को देखते हुए, हम कुछ और भारतीय जहाजों के गुजरने की सुविधा देने पर काम कर रहे हैं। कई अन्य देशों के मामले में ऐसा नहीं है। लेकिन अगर यह उम्मीद की जाए कि सभी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरेंगे, तो मुझे लगता है कि जिन पाबंदियों और हालात का हम सामना कर रहे हैं, उन्हें देखते हुए ऐसा संभव नहीं है।' रणनीतिक चाबहार बंदरगाह में भारत की दिलचस्पी को स्वीकार करते हुए अधिकारी ने कहा कि ईरान इस परियोजना के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि सहयोग काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत इस परियोजना में अपनी भूमिका के लिए पाबंदियों में छूट के मुद्दे को अमेरिका के साथ किस तरह आगे बढ़ाता है।

धर्म-कर्म

# गुरुवार को केले के पेड़ की पूजा के फायदे

## इन 5 चीजों को अर्पित करने से गुरु खोलते हैं तरक्की के रास्ते

**हिंदू धर्म में सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित होता है। इनमें से गुरुवार का दिन देवगुरु बृहस्पति और भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। इस दिन विष्णुजी की विधि-विधान के साथ पूजा करने के साथ ही केले के वृक्ष में जल अर्पित करने का भी खास महत्व है। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में गुरु ग्रह की अनुकूलता बनी रहती है। विवाह, आर्थिक और करियर संबंधी समस्याएं भी कम होने लगती हैं। शास्त्रों में केले के वृक्ष की पूजा करना बहुत लाभप्रद माना गया है। वहीं, गुरुवार के दिन केले की जड़ में कुछ चीजों को अर्पित करना भी बहुत शुभ होता है। इससे तरक्की में आ रही बाधाएं दूर हो सकती हैं। आइए विस्तार से जानें की केले के वृक्ष की जड़ में क्या-क्या अर्पित करना चाहिए।**



### ● हल्दी अथवा केसर करें अर्पित

गुरुवार के दिन जल्दी उठकर स्नानादि करने के पश्चात साफ वस्त्र धारण करने चाहिए। अगर संभव हो तो इस दिन पीले रंग के वस्त्र धारण करें। विष्णुजी की पूजा करने के साथ-साथ केले के वृक्ष में जल जरूर अर्पित करें। साथ ही, केसर अथवा हल्दी चढ़ाएं और खुद भी इससे माथे पर तिलक लगाएं। इस उपाय को करने से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। साथ ही, घर-परिवार में चल रही समस्याएं भी कम हो सकती हैं।

### ● चने की दाल और गुड़ चढ़ाएं

मान्यता है कि नियमित गुरुवार के दिन केले के पेड़ की पूजा करने से गुरु ग्रह के प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सकता है। इसके लिए भगवान विष्णुजी को चने की दाल और गुड़ प्रसाद के रूप में चढ़ाएं। साथ ही, केले के वृक्ष की जड़ में इसे अर्पित करें। इस उपाय को करते समय मन ही मन विष्णुजी का ध्यान अवश्य करें। ऐसा करने से जातक पर भगवान विष्णुजी की कृपा बनी रहती है। साथ ही, जीवन में सकारात्मकता आती है।

### ● पीले रंग का वस्त्र करें अर्पित

गुरुवार के दिन केले के वृक्ष की पूजा करते समय पेड़ की जड़ में पीले रंग का साफ वस्त्र लपेटना चाहिए। यह भगवान विष्णुजी को वस्त्र अर्पित करने के समान ही माना जाता है। अगर आप कार्यों में बाधाओं का सामना कर रहे हैं या करियर में समस्याएं आ रही हैं, तो इस उपाय को करके देख सकते हैं। मान्यता है कि केले के वृक्ष का यह उपाय करने से कार्यों में आ रही बाधाएं कम होने लगती हैं और करियर में भी तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं।

### ● घी का दीपक करें अर्पित

जिस प्रकार गुरुवार के दिन भगवान विष्णु की पूजा में घी का दीपक प्रज्वलित किया जाता है, उसी प्रकार केले के वृक्ष के पास भी एक घी का दीया जरूर जलाना चाहिए। साथ ही, दीपक में एक सिक्का जरूर डाल दें। इसके बाद शाम की पूजा के बाद सिक्के को दीये से निकालकर उसे अपने पैसों की तिजोरी या बटुए में रख लें। इस उपाय को करने से कमाई में बरकत के संयोग बनने लगते हैं और घर की आर्थिक स्थिति भी मजबूत बनी रहती है।

### ● कौड़ी करें अर्पित

गुरुवार के दिन सुबह केले के पेड़ के आसपास के क्षेत्र को अच्छी तरह साफ करने के बाद वहां के फर्श को गाय के गोबर से अच्छी तरह लेपना चाहिए। अगर केले का वृक्ष गमले में लगा हो, तो वहां की सफाई के बाद फर्श पर स्वास्तिक बनाना चाहिए। इसके बाद, केले के पेड़ की पूजा करें और जड़ में कौड़ी अर्पित करें। शाम की पूजा के बाद कौड़ी को उठाकर अपनी तिजोरी या धन रखने वाले स्थान पर दें। इससे करियर में और आर्थिक क्षेत्र में करियर के नए रास्ते बनने के संयोग बन सकते हैं।

Rajasthan

# नीट पेपर लिक कांड में बड़ा शक! एनटीए के भीतर से ही लीक हो रही थी जानकारी?

**कोटा, (एजेंसी)** NEET UG 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले ने अब बड़ा मोड़ ले लिया है. सूत्रों का दावा है कि मामले की जांच कर रही एजेंसियों को एनटीए के भीतर भी कुछ गड़बड़ी की आशंका है. उन्हें शक है कि कोई अंदरूनी व्यक्ति संवेदनशील जानकारी बाहर पहुंचा रहा हो सकता है. इस एंगल पर गंभीरता से जांच की जा रही है.

हाल में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इसके साथ ही देश के कई हिस्सों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई भी की गई है. जांच एजेंसियों को शक है कि इस बार पेपर लीक के पीछे कोई




छोटा गिरोह नहीं, बल्कि एक पुराना और संगठित नेटवर्क काम कर रहा था. सीबीआई के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग से मिली लिखित शिकायत के आधार पर 12 मई 2026 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी. इसमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 के तहत मामला दर्ज किया गया है. भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं को भी एफआईआर में शामिल किया गया है. सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियां इस बार पेपर लीक के पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं. इसी वजह से बड़ी संख्या में हिरासत में लिए गए लोगों में से केवल पांच लोगों को दिल्ली लाकर पूछताछ की जा रही है.

New Delhi

# दिल्ली में चलती बस में गैंगरेप

## टाइम पूछने के बहाने अंदर खींच लिया, 2 घंटे तक करते रहे दरिंदगी



**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के रानी बाग इलाके में सोमवार देर रात इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। 30 साल की एक महिला का अपहरण कर चलती हुई स्लीपर बस में गैंगरेप किया गया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बस को जब्त कर लिया है और पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।**

पीड़िता रजिया (परिवर्तित नाम) पीतमपुरा की झुग्गियों में रहती है और मंगोलपुरी की एक फैक्टरी में काम करती है। सोमवार रात काम खत्म कर वह पैदल अपने घर लौट रही थी। जब वह सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड के पास पहुंची, तो वहां एक स्लीपर बस रुकी। पीड़िता ने बस के दरवाजे पर खड़े एक युवक से समय पूछा, लेकिन जवाब देने के बजाय आरोपियों ने उसे जबरन बस के भीतर खींच लिया। पीड़िता के अनुसार, बस के अंदर खींचते ही आरोपियों ने दरवाजा बंद कर दिया और चालक को बस चलाने के लिए कहा। चलती बस में दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। यह घटनाक्रम नांगलोई मेट्रो स्टेशन तक करीब सात किलोमीटर तक चलता रहा। करीब दो घंटे तक यौन शोषण करने के बाद, रात करीब दो बजे आरोपियों ने पीड़िता को खून से लथपथ हालत में सड़क पर फेंक दिया और फरार हो गए।

Gujrat

# राजकोट में बस-टैंकर की भिड़ंत के बाद लगी भीषण आग

## 4 लोगों की मौत और 10 घायल

**राजकोट, (एजेंसी)** गुजरात के राजकोट में बस और टैंकर की भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हैं। पीटीआई के मुताबिक ये हादसा चोटीला हाईवे पर हुआ। टक्कर के साथ ही व्हीकल में आग लग गई और चीख-पुकार मच गई। पुलिस उपाधीक्षक एसएस भदोरिया ने बताया कि हादसा रात करीब डेढ़ बजे के आस-पास चोटिला-राजकोट नेशनल हाईवे पर संगानी गांव के पास हुआ। बस में करीब 40 लोग सवार थे और कई लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया।

Punjab

## IED में लगाया सिम, एक कॉल और हुआ धमाका...

# जालंधर IED ब्लास्ट में आरोपी का तरीका देख दंग रह गईं जांच एजेंसियां

**जालंधर, (एजेंसी)** जालंधर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स कैंप के बाहर हुए आईईडी ब्लास्ट मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा एक्शन लिया है. इस ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया है. यह गिरफ्तारी जांच में एक अहम मोड़ मानी जा रही है, क्योंकि शुरुआती पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी पंजाब का रहने वाला है. जांच एजेंसियों का दावा है कि उसने आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने के लिए बेहद अलग और चौंकाने वाला तरीका अपनाया. आरोपी ने विस्फोटक डिवाइस में अपना ही सिम कार्ड लगाया था. इसके बाद उसी नंबर पर कॉल की गई, जिससे आईईडी में ब्लास्ट हुआ. इस तकनीक ने जांच एजेंसियों को



आरोपी तक पहुंचने में अहम सुराग दिया. जांच में यह भी सामने आया कि इस हमले के पीछे कथित मास्टरमाइंड शहजाद भट्टी है. सूत्रों के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम की साजिश सीमा पार से रची गई थी और स्थानीय स्तर पर आरोपी को इसे अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किया गया.

खेल

# विराट कोहली के रिकॉर्ड शतक से टेबल टॉपर बनी आरसीबी, लगातार चार जीत के बाद चित्त हुई कोलकाता

**रायपुर, (एजेंसी)** विराट कोहली की तूफानी शतकीय पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हरा दिया। बुधवार को रायपुर में बारिश के कारण लगभग एक घंटे से ज्यादा समय की देरी से शुरू हुए आईपीएल मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 194 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर का नौवां शतक पूरा किया। वह 105 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर के लिए कार्तिक त्यागी ने तीन विकेट लिए जबकि सुनील नरेन को एक सफलता मिली।

यह आरसीबी का आईपीएल में छठा सबसे बड़ा सफल




रनचेज रहा। 12 में से आठ मुकाबले जीतकर गत विजेता टीम 16 अंक और +1.053 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। वहीं, केकेआर लगातार चार मुकाबलों में जीत के बाद हारकर आठवें स्थान पर खिसक गई। उनके खाते में नौ अंक और नेट रन रेट -0.198 का हो गया है। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना इस टीन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को जैकब बेथेल और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 20 गेंदों में 37 रन जुटाए। इसके बाद कोहली ने देवदत्त पड्किल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 59 गेंदों में 92 रन की साझेदारी की। पड्किल 27 गेंदों में सात चौकों के साथ 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कोहली ने कप्तान रजत पाटीदार (11) के साथ 28 रन, जबकि टिम डेविड (2) के साथ 23 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इन खिलाड़ियों के पवेलियन लौटने के बाद विराट कोहली ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने 58 गेंदों में अपना नौवां आईपीएल शतक पूरा किया। कोहली ने 60 गेंदों में तीन छक्कों और 11 चौकों के साथ 105 रन की नाबाद पारी खेली।

इससे पहले केकेआर की इस मुकाबले में शुरुआत खराब हुई थी। टीम 48 के स्कोर तक फिन एलन (18) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (19) के रूप में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे। यहां से अंगकृष रघुवंशी ने कैमरन ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 गेंदों में 68 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दिलाई। कैमरून 24 गेंदों में एक छक्के और तीन चौकों के साथ 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अंगकृष ने रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 76 रन जुटाकर केकेआर को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। रिंकू 29 गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों के साथ 49 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अंगकृष ने 46 गेंदों में 71 रन बनाए।

सिनेमा

# जब अक्षय खन्ना ने दिखाया अपना रहमान 'डकैत अवतार', शूट के दौरान इस बात पर चढ़ गया था पारा



आदित्य धर की फिल्म धुरंधर (पार्ट-1) में रहमान डकैत का किरदार निभाने वाले एक्टर अक्षय खन्ना रियल लाइफ में आमतौर पर बहुत शांत और शालीन हैं। हालांकि एक बार एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनका पारा तब सातवें आसमान पर पहुंच गया, जब प्रोडक्शन टीम ने एक जूनियर एक्टर के हाथ से खाना नीचे रखवा दिया और उसे अलग खाने के लिए कहा। एक्टर अमित बहल ने एक पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान यह किस्सा साझा किया था। अमित बहल ने बताया कि अक्षय खन्ना उस वक्त बहुत ज्यादा भड़क गए थे, जब उन्हें पता चला कि एक कैरेक्टर आर्टिस्ट को स्टाफ ने लीड एक्टर्स और क्रू के साथ खाना खाने से रोक दिया। अमित बहल ने यह किस्सा साझा करते हुए सिद्धार्थ कनन के पॉडकास्ट में बताया, 'कुछ मशहूर और कामयाब एक्टर्स को 5 स्टार होटल में रखा गया था, वहीं कुछ कम मशहूर कलाकारों को 3 स्टार होटल में रखा गया था। लेकिन हमें शूटिंग साथ में ही करनी थी। तो यह तय हुआ कि सब लंच साथ में करेंगे और फिर जाएंगे शूटिंग करने।' अमित बहल ने बताया, 'हमारे वाले होटल के लंच बुफे में उस दूसरे होटल के एक्टर ने आकर बुफे की थाली उठा ली। प्रोड्यूसर की पत्नी, या रिश्तेदार और कुछ लोगों ने यह नोटिस किया कि यह एक्टर तो इस वाले होटल में नहीं रुका है। उससे कहा कि तुम यहां पर खाना नहीं खा सकते।'

## Highlights

1. **Bandi Sanjay finds little support in BJP amid son's POCSO case**
2. **Abolish NEET, admit students on the basis of Class 12 marks: Vijay amid paper leak row**
3. **Maharashtra CM to halve cars in convoy amid PM's austerity appeal**
4. **Iran's Foreign Minister Araghchi arrives in India for 1st time since Middle East war**
5. **Pawan Khera appears before Assam Police in 'CM's wife's 3 passports' case**

# INR breached 95 Vs USD: 6 ways in which a depreciating Rupee affect your personal finances?



**NEW DELHI, (Agency).** On 5th May 2026, the Indian Rupee (INR) breached the 95 mark against the US Dollar (USD), hitting a new all-time low. Over the last few months, the INR has been steadily hitting new lows against the USD. Since the start of the US–Iran War, the situation has only aggravated, with the INR hitting new lows more frequently. A depreciating Rupee hits the overall economy, companies, and even individuals. In this article, we will understand how the depreciating Rupee affects your personal finances.

How has the INR performed

In most years, the INR has depreciated by an average of 3-5% per year. However, in the last one year, the INR has depreciated by 10%, far more than the usual average.

The above chart shows how the INR has depreciated from around Rs. 85 (May 2025) to around Rs. 95 (May 2026) against the USD in the last 1 year.

Some of the reasons why the Rupee has depreciated against the US Dollar include:

Higher crude oil prices, putting pressure on the balance of payments, US Dollar outflows, and fiscal deficit

Continuous selling of Indian equities and debt by FPIs and taking US Dollars out of the country

, putting pressure on the Indian Rupee and other currencies

Costlier imports of gold, silver, fertilizers, metals, etc., due to an increase in prices due to disruption in supply chains, demand-supply mismatch, and other reasons

As mentioned earlier, a depreciating Rupee impacts everyone: the finances of the Government, companies, and even individuals. Let us discuss some ways in which a depreciating Rupee affects the personal finances of individuals.

# On a new TV tech turf, Xiaomi S Mini LED TV 75 makes a strong case for dominance



**NEW DELHI, (Agency).** Two still relevant and prevalent themes continue to underline TV purchases. Foremost, these splurges tend to be event or time-linked, usually coinciding with a major sporting event the family aspires to watch on a larger screen (unless of course, the current TV has actually conked off suddenly). Secondly, and no less important, is an intent to future-proof this upgrade for years to come. Many will contemplate a similar large screen TV purchase ahead of the FIFA World Cup 2026 (hopefully someone gets the broadcast rights, TV or digital in India). TV makers know this, and perhaps this is why you may have noticed an increasing number of TVs featuring a relatively newer Mini LED as a display technology, at enticing price points forcing you to consider the value proposition. Xiaomi, which has lately been on a roll with TV portfolio updates, now adds the flagship — the Xiaomi TV S Mini LED series, 2026 edition.

Three screen sizes, at ₹51,999 for the 55-inch, ₹71,999 if you prefer the 65-inch or ₹99,999 for the 75-inch canvas, the one we are analysing here. Important to expeditiously explain why Mini LED is an important step for TV display technology as a whole—it bridges that pricing gap between a standard LED TV and a much more expensive OLED display. The QLED panels did well enough in the meantime, but Mini LED has technology advantages, primarily OLED-level brightness which is evenly spread due to the uniform backlight placement, and higher contrast levels interspersed with deep blacks (because each of these backlights can be turned on and off depending on what's on the screen, with no lingering spillage), which QLED or LED before it couldn't quite match.

## अस्पताल में तैनात गार्डों ने युवकों के साथ की मारपीट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित अरविंदो हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंचे युवकों और अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि अस्पताल में तैनात गार्डों ने युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**

जानकारी के मुताबिक कुछ युवक अपने एक साथी को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर अस्पताल स्टाफ और युवकों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर अस्पताल के गार्डों ने युवकों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें कई गार्ड युवकों के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी की, लेकिन काफी देर तक विवाद चलता रहा। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर जांच की जा रही है। अस्पताल स्टाफ और संबंधित युवकों से भी पूछताछ की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खोला तो निकले लाखों के जेवरात...

# महिला कॉन्स्टेबल को मिला लावारिस पर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शादी से लौट रही एक महिला का पर्स रास्ते में गिर गया। पर्स में सोने-चांदी के जेवरात, दो मोबाइल फोन और नकदी रखी थी। पर्स नहीं मिलने पर पति-पत्नी परेशान हो गए, उन्हें समझ नहीं आया कि पर्स कहां गुम हो गया।**



गनीमत रही कि पर्स किसी गलत हाथ में नहीं गया, बल्कि ड्यूटी पर तैनात एक महिला कॉन्स्टेबल को मिल गया। मामला बुधवार को आईटी पार्क चौराहे का है। यहां एक महिला का पर्स गिर गया था। लावारिस हालत में पड़ा यह पर्स वहां ड्यूटी कर रही महिला कॉन्स्टेबल को मिला। पर्स खोलकर देखा तो उसमें लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, दो मोबाइल फोन और नकदी रखी थी। पर्स के अंदर सोने के कान के जेवरात, चांदी की दो जोड़ी पायल, एक चांदी का कमरबंद, दो मोबाइल फोन और नकदी मिली। साथ ही पर्स में आईडी कार्ड भी मिले, जिसके आधार पर संबंधित महिला की जानकारी प्राप्त की गई।

एसीपी सुप्रिया चौधरी ने बताया कि आईटी पार्क चौराहे पर महिला कॉन्स्टेबल टोनिका मौर्य, संध्या पोरवाल और आरती वसुनिया ड्यूटी पर तैनात थीं। इसी दौरान उन्हें एक लावारिस पर्स मिला। पर्स खोलकर देखा गया तो उसमें सोने-चांदी के जेवरात रखे मिले। इसकी जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पर्स में दो मोबाइल फोन भी मिले थे। मोबाइल पर कॉल आने के बाद संबंधित महिला से संपर्क किया गया और उन्हें वापस आईटी पार्क चौराहे बुलवाया गया।

पुलिस ने जानकारी ली तो पता चला कि जिस महिला का पर्स गिरा था, उनका नाम मंजू है। वह अपने पति और दो बच्चों के साथ शादी समारोह से लौट रही थीं। परिवार पीथमपुर का रहने वाला है। रास्ते में पर्स कब गिर गया, इसका उन्हें पता ही नहीं चला। पुलिस ने पहचान सत्यापन के लिए मोबाइल फोन का पासवर्ड खुलवाया और पर्स में रखे सामान की जानकारी ली। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद पर्स और उसमें रखा सामान महिला को सुपुर्द कर दिया गया। पर्स मिलने के बाद महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने ट्रैफिक पुलिस का आभार जताया।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey
Since 2002...
आँख मूंदकर न तय करें रिश्ता...
सतर्कता एवं सजगता अत्यावश्यक है।
सभी प्रकार की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य...
सबूत/प्रमाण हेतु... मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे..!
DETECTIVE GROUP®
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9111050101
9111050101
7312433667

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक